


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वादश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–05 | शुक्रवार, दिनांक–26 जुलाई, 2024 ई०।

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक**

सभा की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए। आसन द्वारा कहा गया कि अभी प्रश्नोत्तर काल है, आप अपने विषय को अपने स्थान पर जाकर उठायें।

**[1] प्रश्नकाल :–**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 02 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।
(iii) 23 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(iv) 34 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
(v) 117 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–598 के निस्तारण के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगो को लेकर शोरगुल करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गये।

प्रश्नकाल की समाप्ति के उपरान्त विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन में उपस्थित हुए।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम, श्री सत्यदेव राम, श्री महा नंद सिंह, श्री संदीप सौरभ, श्री राम बली सिंह यादव, श्री अरूण सिंह, श्री अजीत कुमार सिंह, श्री गोपाल रविदास, श्री विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं माननीय सदस्य, श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन, श्री मुकेश कुमार यादव, श्री अजय कुमार, श्री रामरतन सिंह, श्री जितेन्द्र कुमार राय, श्री शकील अहमद खॉं, श्री सुरेन्द्र राम, श्रीमती अनिता देवी तथा माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

**[3] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–**

i. माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा "बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के उपलबिधि प्रतिवेदन पुस्तिका" की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

ii. माननीय मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा "बिहार कराधान विवादों का समाधान अधिनियम, 2024 के अन्तर्गत निर्गत अधिसूचना संख्या–एस०ओ०–67 एवं 68, दिनांक 15.03.2024 तथा बिहार वित्त सेवा (संशोधन) नियमावली, 2024 से संबंधित अधिसूचना संख्या–2650, दिनांक 14.06.2024" की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

iii. माननीय मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा "बिहार माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा–166 के तहत अधिसूचना संख्या–एस०ओ०–158 एवं 159, दिनांक 15.04.2024; एस०ओ०–189, दिनांक 27.05.2024 एवं एस०ओ०–190 एवं 191, दिनांक 20.06.2024" की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया, जिसे आसन द्वारा 30 दिनों तक सदन पटल पर रखे जाने की घोषणा की गयी।

iv. माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, श्री मदन सहनी द्वारा "बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियमावली, 2010 के नियम 21(3) के तहत बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग का वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 का वार्षिक प्रतिवेदन" की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

**[4] यचिकाओं का उपस्थापन :–**

सभा सचिव द्वारा कुल 135 याचिकाओं का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया।

**[5] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गयाः–

(i) श्रीमती भागीरथी देवी
(ii) श्री मुकेश कुमार यादव
(iii) श्री अखतरूल ईमान
(iv) श्री राणा रणधीर
(v) श्री मोहम्मद अनजार नईमी
(vi) श्री महबूब आलम
(vii) श्री राम सिंह
(viii) श्री मुरारी मोहन झा
(ix) श्री रामचन्द्र प्रसाद
(x) श्री उमाकांत सिंह
(xi) श्री अजय कुमार
(xii) श्री अजीत कुमार सिंह
(xiii) श्री महा नंद सिंह
(xiv) श्री विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता
(xv) श्री इजहारूल हुसैन
(xvi) श्री अरूण कुमार सिंह

**[6] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री अजीत कुमार सिंह, श्री संदीप सौरभ, श्री महा नंद सिंह, श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, श्री विजय कुमार मंडल, श्री रामबली सिंह यादव, श्री गोपाल रविदास तथा श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी का उर्जा/जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अजीत कुमार सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, उर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव एवं माननीय मंत्री, जल संसाधन, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री जिवेश कुमार, श्री मोती लाल प्रसाद, श्री बीरेन्द्र सिंह, श्री विनोद नारायण झा, श्री अवधेश सिंह तथा श्री अशोक कुमार का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री जिवेश कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री नितिन नवीन द्वारा उत्तर दिया गया।

तदुपरान्त आसन द्वारा आज के लिए प्राप्त सभी शून्यकाल की सूचनाओं को शून्यकाल समिति को सौंपे जाने की घोषणा की गयी।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 04:31 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[7] गैर सरकारी संकल्प :–**

(i) 07 गैर सरकारी संकल्प सदन से स्वीकृत

(ii) 01 गैर सरकारी संकल्प सदन से अस्वीकृत

(iii) 60 गैर सरकारी संकल्प सदन से वापस

(iv) 56 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ

गैर सरकारी संकल्प संख्या–110 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा सदन की सहमति से सदन की अवधि निर्धारित कार्यवाही की समाप्ति तक विस्तारित करने की घोषणा की गयी।

**[8] शोक प्रकाश :–**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट किया गया तथा दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई:–

1. स्व० हीराराम तूफानी, पूर्व स०वि०स०
2. स्व० राजीव रंजन, पूर्व स०वि०स०

साथ ही कारगिल विजय में शहीद जवानों को श्रद्धांजली दी गई। आसन द्वारा कहा गया कि आज कारगिल विजय की पच्चीसवीं वर्षगांठ है। यह हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन देश के कई वीर सपूत इस ऑपरेशन विजय को सफल बनाने में शहीद हुए थे। इस जीत में बिहार रेजीमेंट के अठारह सैनिकों ने भी अपनी जान देकर देश की शान की रक्षा की थी। ऐसे वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करना हमारा दायित्व है।

अपने देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों के प्रति हम सदन की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं और उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास शोक संदेश भेज दिये जायेंगे।

**[9] समापन भाषण :–**

यथा संलग्न।

तत्पश्चात् बिहार राज्य गीत के उपरान्त सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हुई।

पटना

दिनांक–26.07.2024

**ख्याति सिंह**

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना।